## संस्थान कार्य विभाग
## भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान रूड़की

पत्रांक सं0 स.का.वि./निविदा/सं वा./06 दिनांकः सितम्बर 17, 2026

### अल्पकालिन–निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की परिसर के निम्न वृक्षों/वृक्ष अवषेशो (सूची संलग्न) के पातन/खुदान एवं बिक्री हेतु जहां है जैसे के आधार पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अलग–अलग बन्द लिफाफे में निविदाएं **संस्थान वास्तुविद** कार्यालय में **दिनांक 25.09.2026** को **12.00** बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेंगी।

| कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू0) |
|---|---|---|
| D.S. Barrack के पास बन रहे New Administrative Building के निर्माण कार्यो में बाधक 50 वृक्षों के निस्तारण एवं बिक्री हेतु। | 10000.00 | 1180.00 |

**निविदा की शर्ते :–**

1. निविदा प्रपत्र, **दिनांक 24-09-2026 को अपराहन 5.00 बजे तक** आवेदन पत्र के साथ स्वयं हस्ताक्षरित आई. डी., आवश्यक धरोहर धनराशि के रूप में नेशनलाइज्ड बैंक की एफ.डी.आर. जो **संस्थान वास्तुविद, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की [Institute Architect, I.I.T.Roorkee]** के नाम बन्धक हो, व निविदा प्रपत्र (GST सहित) मूल्य रु. 1180/– वित एवं लेखा कार्यालय में जमा कर प्राप्त रसीद अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में जमा कर, प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा, निविदा प्रपत्र पर ही मान्य होगी। धनराशि को अंको व शब्दों में हिन्दी अथवा अंग्रेजी में स्पष्ट लिखी जाये कटिंग पर निविदाकर्ता को अपने हस्ताक्षर करने आवश्यक है। अधूरी, कटिंग अथवा ओवरराईटिंग, बिना हस्ताक्षर की निविदा स्वीकार नहीं होगीं।
3. निविदाकर्ता को निविदा प्रपत्र में सभी वृक्षों की कीमत अलग–अलग लिखना अनिवार्य है यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा वृक्षों की कीमत अलग–अलग नहीं लिखी गई तो निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. निविदा प्रपत्र में आवेदनकर्ता को अपना नाम, पता, मोबाईल नम्बर व ई–मेल आई. डी. (यदि है तो) स्पष्ट रुप में आवेदन पत्र में लगाई गयी आई. डी. के अनुरुप लिखना आवश्यक है। पते के सत्यापन के लिए आधार कार्ड/पैन कार्ड/फोटो पहचान पत्र में से किसी एक स्वयं सत्यापित फोटो प्रति निविदा प्रपत्र के साथ सलंग्न करना आवश्यक है।
5. यदि दो या दो से अधिक ठेकेदारो की निविदा की दरें समान पाई जाती है तो Negotiations के पश्चात सबसे अधिक दरें देने वाले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी।
6. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु निम्न दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। यदि आवेदनकर्ता द्वारा निम्न दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराते है तो आवेदनकर्ता को निविदा प्रपत्र नहीं दिया जायेगा।
   - जी0 एस0 टी0 रजिस्ट्रेशन
   - पेन कार्ड
   - आधार कार्ड
   - एफ0 डी0 आर0
   - मोबाइल नं0
   - निविदा प्रपत्र मूल्य रसीद
7. उच्चतम निविदा का चयन प्राप्त उच्चतम दरों के आधार पर होगा।
8. निविदाकर्ता को निविदा खुलने के समय उपस्थित रहना चाहिए व निर्णय हेतु निविदा, खुलने से तीन माह तक वैद्य होगी।
9. प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को स्वीकृति पत्र निर्गत के तीन दिंन के अन्दर निविदा की पूरी धनराशि व लागू जी एस टी दोनों **कुलसचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (Registrar, I.I.T. Roorkee)** के नाम बने **दो अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट** वित्त एवं लेखा कार्यालय /संस्थान वास्तुविद कार्यालय में जमा कराने होगें, जिसके पश्चात स्वीकृति पत्र के अनुरुप चिन्हित वृक्षों का निस्तारण किया जायेगा। ऐसा न करने पर स्वीकृति निरस्त कर निविदाकर्ता की जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10. वृक्षों के पातन/खुदान एवं निस्तारण का कार्य स्वीकृति पत्र निर्गत के 15 दिंन के अन्दर कार्य दिवस एवं कार्यालय समय में पूर्ण करना होगा।
11. वृक्षों के निस्तारण के समय यदि किसी प्रकार की संस्थान की सम्पत्ति की क्षति होती हैं तो निविदाकर्ता को अपने व्यय से पूरी करनी होगी।
12. हर नयी जगह कार्य लगाने से पूर्व व लौटते समय ठेकेदार सभी संबन्धित को सूचित करेगा। ऐसा न करने पर हर प्रकार की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।
13. वृक्षों के पातन/खुदान के उपरान्त प्रकाष्ठ की निकासी हेतु नियमानुसार संस्थान से गेट पास व निकासी अनुमति कार्यालय, वन क्षेत्राधिकारी वनप्रभाग, गणेशपुर, रुड़की से निविदाकर्ता को स्वयं अपने स्तर से लेनी होगी।

14. प्रकाष्ठ निकासी नियमों की अनदेखी अथवा पालन न होने पर हर प्रकार की जिम्मेदारी निविदादाता/ठेकेदार/फर्म की होगी।

15. सभी वृक्ष जहां है जैसे है के आधार पर जड़ सहित हटाने तथा छोटी शाखायें, पत्ते आदि का निस्तारण ठेकेदार को स्वयं साथ साथ साईट साफ कर लेवल करना होगा। उक्त कार्य विलम्ब से करने पर निवदाकर्ता से 1000/- प्रतिदिन की दर से विलम्ब शुल्क वसूला जायेगा और यदि आवश्यक हुआ तो धरोहर राशि जब्त कर निविदाकर्ता को ब्लेक लिस्ट भी किया जा सकता है।

16. किसी कारण वश, यदि संलग्न सूची में दर्ज वृक्षों की संख्या किसी भी स्तर तक घटाई जाती है तो निविदादाता द्वारा उक्त वृक्ष की जमा की हुई धनराशि बिना किसी व्यय के वापस की जायेगी।

17. स्वीकृति पत्र के अनुरुप संस्थान द्वारा चिन्हित वृक्षों का ही पातन कार्य किया जायेगा। इसमें निविदाकर्ता द्वारा प्रेषित कोई तर्क मान्य नहीं होगा।

18. निविदादाता द्वारा कुल योग वास्तविक कुल योग से कम दर्शाया गया है व उसी कुल योग को उसने शब्दो में लिखा है। उस स्थिति में जो कुल योग निविदादाता द्वारा शब्दो में व अंको में से अधिकत्म दर्शाया गया है। वही मान्य होगा।

19. निविदादाता द्वारा वास्तविक कुल योग अगर उसके द्वारा दर्शाये गये कुल योग से अधिक होगा तो उस स्थिति में वास्तविक कुल ही मान्य होगा और निविदाकर्ता को अधिकतम रेट में निविदा मान्य होगी।

20. वृक्षों/वृक्ष अवषेशो के पातन/खुदान के दौरान सुरक्षा के सभी मानको का पालन करना होगा।

21. वृक्षों/वृक्ष अवषेशो के पातन/खुदान के समय किसी भी लेबर के साथ यदि कोई दुर्घटना या जान माल की हानि होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित निविदादाता की होगी। संस्थान की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

22. ड़ीन इन्फ्रास्टैक्चर, को किसी भी अवस्था में निविदा को स्वीकृत अथवा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।

17/09/2026
संस्थान वास्तुविद

**प्रतिलिपिः–**

1- ड़ीन इन्फ्रास्टैक्चर, को सूचनार्थ प्रेषित।
2- सहायक कुलसचिव (वित्त एवं लेखा) को सूचनार्थ।
3- वन क्षेत्राधिकारी, वनप्रभाग, गणेषपुर, रुड़की को कार्यालय उप वन संरक्षक, हरिद्वार वन प्रभाग हरिद्वार के पत्रांक 635/2–3, हरिद्वार दिनांक 30.07.2026 के सन्दर्भ में सूचनार्थ ।
4- सुरक्षा अधिकारी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की को सूचनार्थ व समय पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु।
5- सहायक अभियन्ता (उद्यान) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

D.S. Barrack के पास बन रहे New Administrative Building के निर्माण कार्यो में बाधक 50 वृक्षों के निस्तारण एवं बिक्री हेतु।

| क्र.स. | स्थान | प्रजाति | सँख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | D.S. Barrack | फाइकस बैन्जाइमिना | 1 |
| 2 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 3 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 4 | .........तैदव............ | कुकाट | 1 |
| 5 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 6 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 7 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 8 | .........तैदव............ | सीता अशोक | 1 |
| 9 | .........तैदव............ | सीता अशोक | 1 |
| 10 | .........तैदव............ | सीता अशोक | 1 |
| 11 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 12 | .........तैदव............ | यूकेलिप्टस | 1 |
| 13 | .........तैदव............ | अमलताश | 1 |
| 14 | .........तैदव............ | बेल | 1 |
| 15 | .........तैदव............ | सिरस | 1 |
| 16 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 17 | .........तैदव............ | सहतूत | 1 |
| 18 | .........तैदव............ | जामुन | 1 |
| 19 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 20 | .........तैदव............ | अमरुद | 1 |
| 21 | .........तैदव............ | रबरप्लान्ट | 1 |
| 22 | .........तैदव............ | तुन | 1 |
| 23 | .........तैदव............ | अमरुद | 1 |
| 24 | .........तैदव............ | पापड़ी | 1 |
| 25 | .........तैदव............ | पापड़ी | 1 |
| 26 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 27 | .........तैदव............ | कुमकाट | 1 |
| 28 | .........तैदव............ | कुमकाट | 1 |
| 29 | .........तैदव............ | बेल | 1 |
| 30 | .........तैदव............ | बेल | 1 |
| 31 | .........तैदव............ | पापड़ी | 1 |
| 32 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 33 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 34 | .........तैदव............ | सिलवर ओक | 1 |
| 35 | .........तैदव............ | सिलवर ओक | 1 |
| 36 | .........तैदव............ | सिलवर ओक | 1 |
| 37 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 38 | .........तैदव............ | आम | 1 |
| 39 | .........तैदव............ | गुलमोहर | 1 |
| 40 | .........तैदव............ | कनक चम्पा | 1 |
| 41 | .........तैदव............ | ढाक | 1 |
| 42 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 43 | .........तैदव............ | पापड़ी | 1 |
| 44 | .........तैदव............ | कचनार | 1 |
| 45 | .........तैदव............ | सागोन | 1 |
| 46 | .........तैदव............ | कुकाट | 1 |
| 47 | .........तैदव............ | ढाक | 1 |
| 48 | .........तैदव............ | कुकाट | 1 |
| 49 | .........तैदव............ | कचनार | 1 |
| 50 | विकास नगर रोड पर | शीशम | 1 |
| | कुल योग | | 50 |

17/09/2026

संस्थान वास्तुविद